21 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/21/2025 9:47 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 22 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 नीलगिरी के काट दिए गए डेढ़ दर्जन पेड़



## खबर संक्षेप

### राज्य व्यावसायिक पूरक परीक्षा हेतु आवेदन 24 तक

**अम्बिकापुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबिकापुर में होने वाली राज्य व्यावसायिक पूरक परीक्षा (नई एवं पुरानी प्रणाली) 1 अप्रैल से निर्धारित समय सारणी अनुसार प्रारंभ होना है। उन्होंने बताया कि संस्था के पात्र प्रशिक्षणार्थी 24 मार्च तक अनिवार्यतः परीक्षा फार्म प्रशिक्षण अधिकारी या व्यवसाय प्रभारी के माध्यम से भरना सुनिश्चित करेंगे।



**रमज़ान मुबारक**

**ईक्कीसवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.12 बजे

कल की सेहरी - 4.35 बजे

## जेल के अन्दर कैदियों के पास से मोबाइल और गांजा मिलने का मामला

# केन्द्रीय जेल के चार प्रहरी निलंबित, कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केंद्रीय जेल के अन्दर कैदियों से मोबाइल फोन और गांजा मिलने के मामले में जेल प्रबन्धन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार प्रहरियों को निलम्बित कर दिया है। इसके साथ ही केन्द्रीय जेल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इधर इस घटना के बाद शुक्रवार को कलेक्टर और एसपी ने केन्द्रीय जेल का आकस्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस पूरे मामले में हैरानी वाली बात तो यह है कि पुलिसकर्मियों द्वारा उस आरोपी को जेल के अन्दर मदद पहुंचाई जा रही है जिसने एक प्रधान आरक्षक के पूरे परिवार को ही खत्म कर दिया इसके साथ ही पुलिसकर्मी कर खौलता तेल डालने के साथ ही उन्हें कार से कुचलने का प्रयास किया। हालांकि जेल प्रबंधन का कहना है कि उनकी ओर से जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी लेकिन इस घटना ने कई सवालों को जन्म दिया है।

**खास बात**

- सीसी टीवी फूटेज की चल रही जांच

बता दें कि हाल ही में केन्द्रीय जेल में उप अधीक्षक द्वारा संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर कुलदीप साहू और कुख्यात बदमाश दीपक नेपाली के पास से पुलिस को मोबाइल फोन मिला था। मोबाइल फोन मिलने के बाद केन्द्रीय जेल में हडकंप मच गया। वहीं दो दिनों पुनः उनके बैरक की तलाशी ली गई जिसमें कैदियों के पास से गांजा मिला था। कैदियों के पास से मोबाइल फोन और फिर गांजा मिलने की घटना से हडकंप मच गया। इस घटना के बाद केन्द्रीय जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे है। इस पूरे मामले में जेल प्रबंधन का कहना है कि कैदियों की गितिविधियों के आधार पर की गई चिन्हांकित कार्रवाई के दौरान ये प्रतिबंधित सामग्रियां बरामद की गई है लेकिन बड़ा सवाल यही है कि कड़ी सुरक्षा के बाद भी जेल के अन्दर इन खतरनाक कैदियों को सामान आसानी से कैसे उपलब्ध हो रहे है।



निरीक्षण करते अधिकारी।

जेल में प्रतिबंधित सामग्री मिलने की घटना के बाद शुक्रवार को कलेक्टर एवं एसपी योगेश पटेल ने केन्द्रीय जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंदियों हेतु उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। पुरुष बैरक, महिला बैरक, मुलाकात कक्ष, किचन, कला उद्योग शाखा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम आदि का अवलोकन किया गया। वहीं शौचालयों की स्थिति और साफ-सफाई का अवलोकन किया गया। जेल में कला उद्योग शाखा में संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए उन्होंने वस्तुओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्माण प्रक्रिया, प्रशिक्षण एवं विक्रय के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जेल में बंदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित दी जाने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान जेल में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया गया।

### इनपर हुई कार्रवाई

इधर केन्द्रीय जेल में कैदियों के पास से मोबाइल फोन और गांजा मिलने के मामले में जेल अधीक्षक योगेश सिंह द्वारा चार प्रहरियों को निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है कि जेल में पदस्थ प्रहरी भूपेन्द्र अयाम, नरेंद्र वर्मा, अरुण कश्यप व राठौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके साथ ही जेल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फिर से सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए है। अधिकारियों का कहना है कि जेल के सीसीटीवी फुटेज की जांच चल रही है और इस मामले में जिनकी भी संलिप्तता सामने आएगी उसपर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस परिवार के हत्यारोपी को मदद

केन्द्रीय जेल में कैदियों को मोबाइल फोन और गांजा पहुंचाना जितना हैरान करने वाला है उससे भी ज्यादा हैरत की बात तो यह है कि जिस कैदी को मदद पहुंचाई जा रही है वह खुद प्रधान आरक्षक के पत्नी और बेटी की हत्या का आरोपी है। कुलदीप साहू ने अपने साथियों के साथ मिलकर ना सिर्फ महिला और बच्ची की बेरहमी से हत्या की बल्कि एक पुलिसकर्मी को खौलते तेल से जला दिया। पुलिस पर फायरिंग की, कार से कुचलने का प्रयास किया। इस मामले में पहले भी पुलिस पर कुलदीप की मदद का आरोप लगा और कुछ कार्रवाई भी हुई लेकिन अभी भी जेल के अंदर कुलदीप की मदद करने का सिलसिला जारी है जिसने कई सवालों को जन्म दिया है। वहीं दीपक नेपाली भी कुख्यात बदमाश है और दुर्ग उसे केंद्रीय जेल शिफ्ट किया गया है।



# साइबर ठगों को म्युल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**सूरजपुर/अंबिकापुर।** पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। साइबर ठगों द्वारा लोगों से बैंक अकाउंट, एटीएम कार्ड, सिमकार्ड लेकर ठगों को उपलब्ध कराया जाता था। ठगों द्वारा लोगों से की गई ठगी की रकम को इसी म्युल बैंक अकाउंट के माध्यम से आदान प्रदान किया जाता था। म्युल अकाउंट उपलब्ध करने वाले गिरोह के पकड़े जाने का यह पहला मामला है। पुलिस द्वारा इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से दो आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आने वाले समय में पुलिस बड़ी संख्या में म्युल अकाउंट से जुड़े खुलासे करने की बात कही जा रही है।

- पांच आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बिहार और भोपाल में बेचा बैंक खाता, मोबाइल सिम कार्ड
- पीएचक्यों से मिली थी संदिग्ध बैंक खाते की जानकारी

शनिवार को इस मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी और डीआईजी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र (आईफोरसी) द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल (ज्वाईट साइबर क्राईम कार्डिनेशन टीम मैनेजमेंट इन्फारमेंशन सिस्टम) में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं में संचालित लेयर-1 पर कार्रवाई करने के संबंध में पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से शिकायत हुई थी। पीएचक्यों से म्यूल अकाउंट खाता धारक रामानुजनगर मदनेश्वरपुर निवासी आनंद कुमार साहू के बारे जानकारी दी गई थी। आनंद कुमार साहू के बैंक ऑफ महाराष्ट्र व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सूरजपुर के एकाउंड से संदिग्ध लेनदेन हो रहे थे। ऐसे में एसएसपी श्री ठाकुर द्वारा एएसपी संतोष महतो के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। जांच के दौरान यूनियन बैंक सूरजपुर के खाता धारक आनंद कुमार साहू के नाम से होने पर उसके विरूद्ध थाना सूरजपुर में धारा 413, 420, 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान आनंद कुमार साहू के खाते में अलग अलग राज्य से संबंधित सायबर क्राईम में ठगी की गई रकम करीब 2 लाख 4 हजार 981 रुपए का लेन-देन की पुष्टि हुई। इस दौरान पुलिस ने जब आनंद कुमार साहू से पूछताछ की तो उसने सौरभ साहू को अकाउंट उपलब्ध कराने की बात कही। इसके साथ ही जांच के दौरान अमन साहू का नाम भी शामिल आया। दोनों युवकों द्वारा लोगों को रूपए का लालच देकर म्यूल बैंक एकाउन्ट संग्रहण कर साइबर अपराध के गिरोह को बैंक एकाउन्ट, एटीएम एवं मोबाईल, सिमकार्ड उपलब्ध कराते थे। इसके साथ ही पुलिस ने बैंक खाता देने वाले आनंद कुमार साहू, विशाल साहू व सूर्या सोनवानी को पकड़ा है। पूछताछ में जबकि अमन और सौरभ ने अकाउंट को भोपाल और बिहार में साइबर ठगों को बेचने की बात कबूली है। पुलिस ने मामले में सोनहत हाल मुकाम बिश्रामपुर निवासी 29 वर्षीय सौरभ साहू आ. राजेन्द्र प्रसाद साहू, पटना कोरिया के कटकोना निवासी 19 वर्षीय अमन साहू आ. राज कुमार साहू, 19 वर्षीय सूर्या सोनवानी आ. ललन सोनवानी, रामानुजनगर मदेश्वरपुर निवासी 22 वर्षीय आनंद कुमार साहू आ. कन्हैया साहू, सूरजपुर पम्पापुर निवासी विशाल कुमार साहू आ. पप्पु प्रसाद साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में अमन साहू और सौरभ साहू को पुलिस रिमांड पर लिया है जिनसे पूछताछ में और भी खुलासे होंगे। कार्रवाई में सीएसपी एसएसपैंकरा, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक कृष्णकांत पाण्डेय, प्रदीप उपाध्यक्ष, आरक्षक रौशन सिंह, युवराज यादव, विनोद सारथी, रविराज पाण्डेय, संत पैंकरा व कामेश्वर सक्रिय रहे।

### क्या है म्युल अकाउंट

पुलिस के अनुसार साइबर ठगों द्वारा लोगों से ठगी गई रकम को लेनदेन के लिए दूसरों के खातों को किराए पर लिया जाता है। पुलिस के अनुसार साइबर ठगी करने वालों द्वारा ठगी से अर्जित गई रकम अपने बैंक खातों में जमा नहीं कराते इसके लिए वे दूसरों के बैंक अकाउंट का उपयोग करते हैं। इसके एवज में खातेदार को कुछ रकम दी जाती है। बैंक अकाउंट, डिजिटल वॉलेट या अन्य वित्तीय माध्यमों का उपयोग साइबर अपराधी ठगी की रकम या अवैध धन को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने में करते हैं। ठगी की रकम को खपाने के लिए उनको बैंक खाते या वॉलेट की जरूरत पड़ती है। इसके लिए म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते है। किसी व्यक्ति को पैसा नौकरी, इनाम या निवेश का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं।




## खबर संक्षेप

### हाइवा और ट्रेलर में भिड़ंत, चालक गंभीर



**पटना।** कटोरा साइडिंग से पाण्डवपारा की ओर जा रहे एक ट्रेलर और पाण्डपारा की ओर से आ रहे हाइवा के बीच शुक्रवार को जोरदार भिड़ंत हो गई। यह हादसा सांवारावां देवांगन होटल मोड़ के पास हुआ, जिसमें ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल चालक को 108 एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। हादसे के चलते सड़क पर यातायात बाधित हो गया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। हादसे के कारणों की जांच जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका पहले भी सड़क दुर्घटनाओं का गवाह रहा है, ऐसे में प्रशासन को यहां सुरक्षा उपाय बढ़ाने चाहिए।

### ब्राह्मण समाज चिरमिरी का होली मिलन समारोह



**चिरमिरी।** ब्राह्मण समाज चिरमिरी द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का प्रारंभ भगवान परशुराम की पूजा - अर्चना कर भक्तिमयमय भजन कर फूलों एवं गुलाल की होली खेली गई। सभी आगंतुको ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और युवा वर्ग ने गुलाल का तिलक लगाकर वरिष्ठो का आशीर्वाद लिया। ब्राह्मण समाज चिरमिरी के अध्यक्ष हरिकांत अग्निहोत्री ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है, गिले शिकवे भुला कर अपनों के साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। संरक्षक डीके उपाध्याय ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रचनात्मक रहते हुए अपने समाज के जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह होली के रंग सभी भेदभाव मिटाकर एक समान घुल जाते हैं, उसी तरह हमें भी समाज में एकता और समरसता बनाए रखनी चाहिए। समारोह में समाज के महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष वाचस्पति दुबे, गोदरीपारा अध्यक्ष आरपी शुक्ला, डॉ. प्रमोद त्रिपाठी, रमेश शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, पवन तिवारी, वीरेन्द्र तिवारी, राजकुमार शुक्ला, जितेन्द्र मिश्रा, हमाम मिश्रा, विश्वदीप तिवारी, नारायणी, अध्यक्ष मिथिलेश पारासर सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विश्व जल दिवस आजः जल संरक्षण को लेकर संजीदा नहीं रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जल है तो कल है, जल ही जीवन है आदि स्लोगन हमें कई जगहों पर देखने पढ़ने को मिल जाएंगे, लेकिन जल के सदुपयोग एवं इसके संरक्षण को लेकर ज्यादातर लोग गंभीर नहीं रहते हैं।

भूमिगत पेयजल के अत्यधिक दोहन के कारण जल संकट की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्मी के सीजन में पेयजल संकट की स्थिति कई जगहों पर उत्पन्न हो जाती है। लोगों में जल संरक्षण को लेकर प्रति वर्ष 22 मार्च को विश्व स्तर पर विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जल के महत्व के बारे में बताया जाता है और इसके संरक्षण के दिशा में क्या प्रयास करने चाहिए आदि के बारे में चर्चा की जाती है।

बावजूद मीठे जल संरक्षण की दिशा में सजगता नहीं होने के कारण जल संकट की स्थिति का सामना करना पड़ता है। जल के महत्व को समझते हुए हम सभी को जल संरक्षण की दिशा में सजग होने की जरूरत है, अन्यथा आने वाले समय में पेयजल की भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### जल जीवन का टंकी खुद प्यासा

केन्द्र की जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रत्येक गांव के लोगों के घरों तक पेयजल पहुंचाने के लिए बड़ी रकम खर्च कर दी गई, लेकिन योजना के तहत काम तय समय में पूरा नहीं हो पाया, इसके कारण योजना की अवधि को बढ़ा दिया गया। जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत कोरिया जिले में करोड़ों खर्च करने के बाद भी ग्राम पंचायतों में बनी टंकी खुद प्यासी है, इसके कारण लोगों के घरों के पास लगे नल के हलक भी सूखे हैं। लोगों को जल जीवन मिशन का पानी नहीं मिल पा रहा है।



बह रहा पानी।

### गेज व झुमका से सिंचाई

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के निकट मध्यम श्रेणी की बांध परियोजना रामानुज प्रताप सागर झुमका बांध तथा सोनहत मार्ग पर चेरवापारा में स्थित मध्यम श्रेणी की बांध गेज हैं। उक्त दोनों बांध से विभिन्न क्षेत्रों तक नहर विस्तारित है, जिससे कि कई एकत्र क्षेत्र को सिंचित किया जाता है। यही कारण है कि बांध से निकली नहर किनारे कई गांवों के किसानों के द्वारा रबी की फसलें भी ली जाती है, इसके अलावा गेज बांध से चरचा कॉलरी के लोगों की प्यास भी बुझती है।

### टूटे पाइप से प्रतिदिन व्यर्थ बहता है पेयजल

शहर के मुख्य मार्ग पर एक स्थान पर पेयजल सप्लाई का पाइप टूटे होने के कारण प्रतिदिन पेयजल बर्बाद हो रहा है। इस ओर अब तक किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा पाया है, गर्मी की शुरूआत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर स्थित ग्रामीण बैंक के निकट एक टंकी में पेयजल भरने के लिए पाइप के टूट जाने के कारण प्रतिदिन पेयजल बड़ी मात्रा में बर्बाद हो रहा है, इसके अलावा मुख्य मार्ग पर मिशन मोड के पास पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण भी पेयजल व्यर्थ बहता रहता है।

### अध्यक्ष और पार्षदों ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

# नीलगिरी के काट दिए गए डेढ़ दर्जन पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के ब्लाक मुख्यालय जनकपुर में मुख्य सड़क के किनारे लगी नीलगिरी के लगभग डेढ़ दर्जन पेड़ को काटकर गायब कर दिया गया, वहीं ब्लाक मुख्यालय जनकपुर के किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। मामले को लेकर नगर पंचायत जनकपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदो ने संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन पत्र पुलिस थाना जनकपुर में दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से जनकपुर का मुख्य सड़क में चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण कार्य के दायरे में लगभग दो दर्जन नीलगिरि के पेड़ आ रहे थे, जिन्हें कटवाने के लिए लोक निर्माण विभाग के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरतपुर से अनुमति मांगी गई। उन्होंने 14 फरवरी को नीलगिरि के पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी, इसके बाद डेढ़ दर्जन नीलगिरि के पेड़ों की कटाई कर चुपके से गायब कर दिया गया। जब जागरूक नगरवासी एवं नगर पंचायत जनकपुर के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने डेढ़ दर्जन नीलगिरि के पेड़ों के कटकर गायब होने के बारे में पता करने के लिए लोक निर्माण विभाग जनकपुर के एसडीओ, तहसीलदार भरतपुर, सड़क निर्माण कार्य का ठेकेदार, एसडीएम भरतपुर, सीएमओ नगर पंचायत जनकपुर से संपर्क किया गया, तो सभी जिम्मेदार अधिकारी अनभिज्ञ बने रहे, जिससे जनकपुर के जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से पुलिस थाना जनकपुर में ज्ञापन देकर मामले की जांच व कार्रवाई करने का अपील किया गया है। विदित हो कि जनकपुर का मुख्य सड़क का चौड़ीकरण कार्य मनेन्द्रगढ़ तिराहा से बनास नदी ब्रिज तक 3.6 किमी लंबा निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



काटे गए पेड़।

### जानकारी नहीं

पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन किसने काटा और कौन गायब किया मुझे जानकारी नहीं है।

**प्रमोद कुमार श्रीवास्तव**
एसडीओ
लोक निर्माण विभाग जनकपुर

# कोरिया में जल संरक्षण को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



जल संरक्षण को लेकर कोरिया जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मंथन सभा कक्ष में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन को प्रभावी रूप से लागू करना है। यह अभियान बैकुंठपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोहड़ा और पोटेडांड में प्रारंभ किया जाएगा।

कार्यशाला में जल संरक्षण दल का गठन कर विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी तय की गई। इसमें कृषि एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा सरपंचों एवं रोजगार सहायकों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। जल संरक्षण दल 20 और 21 मार्च को गांवों में भ्रमण एवं सर्वेक्षण किए, इसके बाद, 28 मार्च को ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित कर जल संरक्षण पर चर्चा होगी। इस अभियान की सफलता के लिए विभिन्न विभागों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जल संसाधन विभाग द्वारा दोनों पंचायतों में जल संसाधनों का सर्वेक्षण करेगा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बोरवेल के जल स्तर की जांच करेगा। बिहान की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जल स्तर सर्वेक्षण में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। कार्यशाला में जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला गया। इनमें डबरी, तालाब, बांध, शोकता गड्ढा, खेतों में मेढ़ और वाटर हार्वेस्टिंग जैसी तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जल संरक्षण को महाअभियान बनाना आवश्यक है। हमें अपनी मेहनत से जल को संजोना होगा और कैच द रेन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पारा-टोला में स्वयंसेवकों की नियुक्ति करनी होगी, जो इस अभियान को गति देंगे। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने भी जल संरक्षण को बरसात से पहले ही सुनिश्चित करने की बात कही और पंचायत प्रतिनिधियों को इसे जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस कार्यशाला में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी, बिहान से जुड़ी महिलाएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# महापौर ने एसईसीएल, सीएससीबी पीएचई के अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

भीषण गर्मी आते ही पेयजल संकट विकराल रूप ले लेता है। इस संकट से निपटने के लिए नगर पालिक निगम चिरमिरी के प्रथम नागरिक महापौर रामनरेश राय की अध्यक्षता में गुरूवार को महापौर कक्ष में एसईसीएल, पीएचई विभाग एवं छग रा.वि.मं.मर्या. चिरमिरी के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल प्रदाय व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति को लेकर गहन चर्चा हुई।

इसमें महापौर ने पूरे 40 वार्डों में जल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जल आपूर्ति से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें,ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान एसईसीएल ने भी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। महापौर श्री राय ने कहा कि नगर निगम, एसईसीएल एवं पीएचई विभाग एक परिवार की तरह कार्य कर रहे हैं और सभी का दायित्व है कि गर्मी के दौरान जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। जल आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी प्रकार की समस्या को तत्काल हल किया जाए। इस बैठक में ग्रीष्म ऋतु के दौरान जल संकट से निपटने के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जल आपूर्ति की टैंकर सेवा को मजबूत किया जाएगा।



बैठक लेते महापौर।

# शंकरगढ़ प्राशा में रासेयो शिविर का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा की राष्टीय सेवा योजना इकाई द्वारा शंकरगढ़ प्राथमिक शाला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में भाग लिए और ग्राम पंचायत के सहयोग से समुदाय में जागरूकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया।

इसमें स्वयंसेवकों के द्वारा नशामुक्ति रैली, स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक कार्य किए गए। शिविर के नियमानुसार प्रतिदिन प्रभात फेरी, बौद्धिक चर्चा एवं नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यक्रम किए जाते थे। संस्था के प्राचार्य बलराज पाल द्वारा प्रतिदिन छात्रों से भेंट मुलाकात कर स्वयंसेवकों को राष्ट सेवा के बारे में बताना कि यह सेवा सर्वोपरि है, यह शिविर आपके जीवन का अमूल्य योगदान होगा। प्रतिदिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के द्वारा दो महिला स्टाफ द्वारा स्वयंसेवकों को नाश्ता एवं भोजन बनवाने के लिए पूर्ण योगदान मिलता था। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ और स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया।



### गुमशुदा



**नामः- सोनकुंवर**
पताः- बिश्रामपुर डी.एम.क्यू. कॉलोनी, क्वार्टर नम्बर 105, रेलवे स्टेशन के पास
रंगः- गेहूंआ, सफेद बाल, माथे पर गोदना का निशान
उम्रः- लगभग 80-85 वर्ष
लापताः-बिश्रामपुर घर से रविवार रात 8 बजे से
पहनावाः- साड़ी पीला/संतरा, ब्लाउज हरा रंग का
किसी को दिखे तो कृपया सूचित करने का कष्ट करें।
मो.नं.:- 8770833421

### गलत दवा देने पर मेडिकल स्टोर सील

**बैकुंठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में गठित जिला स्तरीय जांच दल ने सोनहत स्थित आशीष मेडिकल स्टोर को आगामी आदेश तक बंद करने के निर्देश जारी किए। यह कार्रवाई 2 साल के बच्चे को गलत दवाई देने की शिकायत पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत के सामने संचालित आशीष मेडिकल स्टोर के खिलाफ बच्चे को गलत दवा देने की शिकायत मिली थी। प्राथमिक जांच में शिकायत सही पाई गई, साथ ही स्टोर संचालक द्वारा क्रय-विक्रय से संबंधित बिल व रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया, इसके मद्देनजर मेडिकल स्टोर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच दल में डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा खंड चिकित्सा अधिकारी सोनहत, औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा और आलोक मिंज शामिल रहे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और प्रथम दृष्टया मेडिकल स्टोर को नियमों का उल्लंघन करते पाया। स्वास्थ्य विभाग ने स्टोर संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो मेडिकल स्टोर की लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. साहू MD, DM (Nephrology)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. भाविक शाह डीएनबी (मेडिसीन) डीएबी (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी. , एस.सी.ई. (गैस्ट्र)
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज प्रसाद MS, MCH (Neurosurgery)
श्वास, छाती, एनर्जी एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ... डॉ. रोशन वर्मा MD (T.B. & Respiratory Diseaseas)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
23 मार्च 2025 प्रत्येक माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ डॉ. कमल नारायण गुप्ता MBBS (Pune), DTCD (Kolkata) Chest Physician GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
जटिल अस्थमा (दमा) • टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB • गले व छाती में कफ संबंधित समस्या • बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना • छाती में भारीपन और सांस फूलना • छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना • छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या • खांसी, जुकाम एवं एलर्जी • बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी • खांसी में खून आना

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870 समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ डॉ. अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में डॉ. विकास गोयल MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी • सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार • सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा) • बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ • पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शैल वर्मा (एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025 दिन - बुधवार
स्थान वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिलिक होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स मेडिकल स्टोर अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

डॉ. ए.एफ. दानिश बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे शनिवार, 22 मार्च 2025 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment) • पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia) • झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy) • Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना) • जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज • लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज • Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा) 7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

Wellness Home AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist CertifiedAccupanturist and Dry Needling Therapist Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनूवल थेरेपी न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, माँसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द),सरवाईकल का दर्द
समय सुबह 10 से 1 बजे तक शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे 20 मार्च 2025 दिन गुरूवार डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। • पेशाब में जलन। • प्रोस्टेट बढ़ जाना। • पेशाब बार-बार होना। • किडनी, पेशाब थैली। • पेशाब बूंद- बूंद पर होना। • गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी। • पेशाब के रास्ते का छोटा होना। • पेशाब की धार न बनना, इत्यादि। • अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL 7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000 खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

डॉ. रोशन लाल वर्मा MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES) दमा, टीवी, छाती एवं एलर्जी
किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. आर.के. साहू MBBS, MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
दिनांक 23 मार्च 2025, रविवार
प्रकाश हास्पिटल जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें मो. 9713667433, 9617247433

21 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 3/21/2025 9:46 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित सरपंचों को दिलाई गई शपथ

**सूरजपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर श्रीमती कमलेश नन्दनी साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सूरजपुर में नवनिर्वाचित सरपंचों का उन्मुखीकरण परिचयात्मक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान नवनिर्वाचित सरपंचों का भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से संकाय सदस्य निरोज सिंह द्वारा सभी सरपंचों का शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण के दौरान राधेलाल पैकरा एवं जिला के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

### गायत्री मंदिर में हर रविवार को हो रहा हवन-पूजन



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित गायत्री मंदिर में प्रत्येक रविवार को हवन पूजन का आयोजन गायत्री परिवार के एमसी निगम एवं टीआर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होते हैं। इस संबंध में गायत्री परिवार के एसपी निगम ने बताया कि प्रत्येक रविवार को 9 से 12 यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया जा रहा है साथ ही विभिन्न प्रकार के संस्कार भी संपन्न कराए जा रहे हैं। हवन करने से मन की शांति, आरोग्य और समृद्धि में वृद्धि होती है। यज्ञ हवन करने के लिए शुद्धता, श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन आवश्यक है। अनुष्ठान व्यक्ति को अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में बदलने में मदद करता है।

### ग्राम पंचायत गुमगरा कला में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन



**लखनपुर।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत गुमगराकला में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य धर्मेन्द्र कुमार झारिया शामिल हुए। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उद्घाटन मैच गुमगराखुर्द और मेंड्राकला के मध्य खेला गया। मेंड्राकला की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और निर्धारित 8 ओवर में सभी विकेट खोकर सिर्फ 47 रन बनाए जबकि जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गुमगरा खुर्द की टीम रोमांचक मुकाबले मे 7 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। दूसरा मैच यंग स्टार कोरजा और गुमगरा कला के बीच खेला गया जिसमें कोरजा की टीम बहुत ही कठिन संघर्ष और रोमांचक मुकाबले में 2 रन से विजयी रही। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य धर्मेन्द्र झारिया, सरपंच प्रतिनिधि शिव प्रताप सिंह उर्रे, पूर्व सरपंच लोकनाथ उर्रे, गुमगराखुर्द सरपंच प्रतिनिधि गुड्डु मरावी, उपसरपंच गोलू साहू, घुरवा पैकरा, शिवलाल साहू, रमेश साहू, कपूर साहू, गौरी मरावी, सुजीत कुशवाहा, अजित कुशवाहा, दिनेश यादव, पिंटू यादव, अभिमनु पैकरा सहित अन्य मौजूद थे।

### कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**प्रतापपुर।** विकासखण्ड के नवीन माध्यमिक शाला खजुरी में सरपंच हीरालाल पैकरा के आतिथ्य में गुरूवार को आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। समारोह में छठवीं और सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने आठवीं के विद्यार्थियों को कंपास एवं पेन सेट उपहार में देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने केक काटा तथा सभी को जलपान कराया। इस दौरान छात्रों ने नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किया। विदाई गीत ने वातावरण को भावुक कर दिया। आठवीं के बच्चों ने अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में शिक्षक अजय कुशवाहा ने कहा कि विदाई का अर्थ अलगाव नहीं, बल्कि जीवन में एक नई मंजिल की ओर बढ़ना है। हम अपने लक्ष्य को पाने के लिए थोड़ी दूर जरूर जा रहे हैं, लेकिन जुड़ाव हमेशा बना रहेगा। आप सभी अपने जीवन में ऊंचाइयों को छूएंगें। कार्यक्रम को जन शिक्षक उज्जैन यादव, शिक्षक मोती सिंह, महेंद्र सिंह, रोशन पैकरा, हर्षा जायसवाल और सुनीता बड़ा ने भी संबोधित किया। अंत में सभी ने एक साथ भोजन किया।

### पुलिस ने वर्षों से फरार 2 स्थाई वारंटी पकड़े

**रामानुजनगर।** पुलिस ने गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व मारपीट की धाराओं में वर्षों



से फरार स्थाई वारंटी हरिचरन अगरिया निवासी ग्राम परशुरामपुर एवं बलराम यादव ग्राम मदनेश्वरपुर को दबिश देकर पकड़ा है। पुलिस ने दोनों वारंटियों को न्यायालय में पेश किया है।

## ग्रामीणों को करना पड़ता है मुश्किलों का सामना

# करकेपा के बरगाही नाला पर वर्षों बाद भी नहीं बन पाई पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

दो विकासखंड मुख्यालयों के बीच मौजूद ग्राम पंचायत करकेपा आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। एक तरह शासन प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम छोर तक विकास कार्य कराए जाने का दावा किया जा रहा है लेकिन इस गांव के लोगों को अब तक पक्की सड़क और पुलिया तक नहीं मिल पाई है। यही वजह है कि ग्रामीणों को 25 किमी अधिक का सफ़र कर अपने कार्य के लिए मुख्यालय तक जाना पड़ता है। ग्रामीण वर्षों से बरगाही नाला पर पुलिया निर्माण की मांग कर रहे है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो सकी है। हैरानी की बात तो यह है कि इस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है।

**खास बात**

- तय करनी पड़ती है 25 किमी की अधिक दूरी, बरसात में बंद हो जाता है आवागमन

बता दें कि जिला मुख्यालय बलरामपुर और राजपुर विकासखंड के बीच बसा ग्राम पंचायत करकेपा आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। ग्राम पंचायत करकेपा के बरगाही नाला पर वर्षों बाद भी पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया है। बड़ी बात यह है कि ग्राम अतौरी से तोनी को जोड़ने वाले इस सड़क पर बरगाही नाला पड़ता है। इस सड़क से लगभग 5 से 8 गांव के ग्रामीण आवागमन करते है। यह सड़क बलरामपुर एवं राजपुर दो विकासखण्ड सहित दो विधानसभा को भी जोड़ती है। जिला मुख्यालय सहित अन्य जगह जाने के लिए ग्रामीण इसी सड़क का इस्तेमाल करतें है क्योंकि उन्हें कम दूरी का सफर तय करना पड़ता है। बारिश के दिनों में पुल नहीं होने से ग्रामीण काफी परेशान होते हैं। नाला में पानी भर जाने से इस सड़क पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। बारिश के दिनों में एम्बुलेंस भी ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाता। अगर कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए तो उसे इलाज के लिए 25 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय कर अस्पताल ले जाना पड़ता है। ग्राम पंचायत करकेपा में अतौरी से तोनी को जोड़ने वाले इस सड़क पर बारगाही नाला में पुल निर्माण के लिए ग्रामीण वर्षों से आस लगाए बैठे हैं। अब देखना यह होगा कि नेताओं व अधिकारियों की नींद कब खुलता है और ग्रामीणों को इसका लाभ कब तक मिल पाता है।



प्रभावित मार्ग।

**केवल मिलता है आश्वासन**

क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार पुलिया और पक्की सड़क की मांग को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया लेकिन अब तक इसपर कोई पहल नहीं हुई है। चुनाव के समय नेताओं के द्वारा कई बार आश्वासन दिया गया परंतु अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी एवं इंजीनियर भी यहां आकर सर्वे कर चुके हैं फिर भी काम शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिन में यहां कोई ग्रामीण बीमार हो जाए तो उसके इलाज के लिए अस्पताल जाने के लिए 25 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करना पड़ता है। बारिश में नाला में पानी भर जाने के कारण एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाता हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी तो मरीज को झलगी या खाट में लेकर एंबुलेंस तक जाना पड़ता है। पुल नहीं बनने से चिकित्सा सहित बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। बरसात के दिनों में इस नाला में पानी भर जाने के कारण गांव के बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते हैं।

**पुल बनने से आठ पंचायत होंगे लाभान्वित**

ग्राम पंचायत करकेपा के बारगाही नाला में पुल बनने से 8 पंचायत से अधिक ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को लाभान्वित होंगे इस नाला पर पुल निर्माण होने से अतोरी, लिलोटी, सरगड़ी, गोविंदपुर, करकेपा, तोनी, भेंड्री, सुपली सहित अन्य कई ग्राम पंचायत आपस में जुड़ सकेंगे और ग्रामीणों को आने-जाने में कम दूरी का सफर तय करना पड़ेगा। वर्तमान में बरगाही नाला पर पुल नहीं होने से करकेपा, अतोरी, लिलोटी, सरगड़ी, गोविंदपुर, करकेपा, तोनी, भेंड्री, सुपली के ग्रामीणों को आने-जाने के लिए 25 से किलोमीटर से अधिक दूरी तय करना पड़ता है जबकि यदि इस नाला में पुल बन जाए तो ग्रामीणों को महज आधे किलोमीटर की दूरी करना पड़ेगा।



## पुलिस अधीक्षक ने ली जनरल परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शुक्रवार को एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाइन में जनरल परेड की सलामी ली। एसएसपी श्री ठाकुर ने परेड़ का निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारी व जवानों के वेश-भूषा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जवानों के वेशभूषा को देखा और अच्छे वेशभूषा पर जवानों को पुरस्कृत किया। शासकीय वाहनों का जायजा लिया और आरक्षक चालकों को मेंटेनेंस डे पर वाहनों में जरूरी मरम्मत कराने तथा रक्षित निरीक्षक को वाहन चालकों का आई टेस्ट कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने शासकीय वाहनों के फस्ट एड किट को देखा और गुणवत्ता युक्त दवाओं को रखने के निर्देश दिए ताकि आपात स्थित में वह काम आए। परेड़ के दौरान एक महिला आरक्षक को उत्कृष्ट कमाण्ड देकर परेड कराने पर उसे नगद पुरस्कार दिया। निरीक्षण उपरान्त डीआईजी व एसएसपी श्री ठाकुर ने पुलिसकर्मियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप में काम करने की क्षमता बहुत है दृढ़ इच्छा शक्ति और लगन के साथ कार्य करें आपको सफलता जरूर मिलेगी, जब हम सभी अच्छा काम करेंगे तो पुलिसिंग मजबूत होगा, अच्छे कार्यो से हममें ज्ञान के साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने प्रभारियों को कहा कि थाना के कार्यो को नियमित चेक करें इससे कार्य और बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि थाना-चौकी के कार्यो का प्रतिदिन आंकलन करें कि सभी कार्य समय पर हो रहे है अथवा नहीं, जहां कमजोर स्थिति दिखाई दे वहां कसावट लाते हुए कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कराए। बिना नंबर व बिना लाइसेंस सहित परिवहन व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देशित किया। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरई उईके, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, जिले के थाना-चौकी प्रभारी सहित विभिन्न थाना-चौकी व रक्षित केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

- कहा- अच्छा काम करेंगे तो पुलिसिंग होगी मजबूत

## सैनिक स्कूल में 12वीं के कैडेटों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सैनिक स्कूल में बारहवीं कक्षा के कैडेटों को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी श्रीनिवास, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर, उनके परिवार जन, कैडेट तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर कैडेटों ने नृत्य, सामूहिक गान तथा नाटक की मोहक प्रस्तुति दी। कैडेटों ने पिछले सात साल के अपने अनुभव को साझा किया। स्कूल कैप्टन कैडेट श्रेयांश सिंह चंदेल ने कहा कि सैनिक स्कूल ने हमारे व्यक्तित्व के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। वाइस कैप्टन कैडेट अंश सिन्हा ने भी अपने अनुभव साझा किए। स्कूल कैडेट कैप्टन श्रेयांश सिंह चंदेल ने वाइस कैडेट कैप्टन अंश सिन्हा को स्कूल का ध्वज प्रदान किया। वरिष्ठ अध्यापक आर मदनला, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर तथा प्रभारी प्राचार्य एवं उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.पी श्रीनिवास ने कक्षा के सभी कैडेटों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रभारी प्राचार्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा समारोह के संचालन के लिए कक्षा 11वीं के कैडेटों तथा कार्यक्रम प्रभारी सौरभ कुमार जैन एवं श्रीमती निधि लाल दास की सराहना की। उन्होंने कैडेटों को बोर्ड परीक्षाओं तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंत में कर्मचारियों तथा कक्षा 12वीं के कैडेटों के लिए सैनिक लॉन में विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया गया।




## पटना सरपंच की अगुवाई में आमगांव खदान के भूविस्थापित ग्रामीणों ने एसईसीएल महाप्रबंधक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पूरे दस्तावेज जमा होने बावजूद ग्रामीणों को प्रदान नहीं की जा रही नौकरी
- एसईसीएल प्रबंधन पर भू विस्थापित ग्रामीणों ने लगाया वादाखिलाफ़ी का आरोप

आमगांव खदान के भू विस्थापितों के साथ जमीन के बदले नियोजन देने मामले में हो रहे अनावश्यक विलंब को लेकर पटना सरपंच विमला सिंह मरावी की अगुवाई में बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय में ग्रामीणों ने जीएम अजय तिवारी के समक्ष अपनी जायज मांगों को रखा।

बताया गया कि पिछले दिनो आमगांव खदान से प्रभावित क्षेत्र पटना के ग्रामीणों ने सरपंच के नेतृत्व में जीएम से मुलाकात कर नौकरी देने में हो रहे विलंब को ले नाराजगी जताई थी जिसके बाद जीएम ने बुधवार 19 मार्च पटना के ग्रामीणों के साथ बैठक बुलाई थी।आज गुरुवार को बैठक में शामिल होने 50 से अधिक संख्या में ग्रामीणजन पटना सरपंच के अगुवाई में महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे ।यहां पटना सरपंच विमला सिंह मरावी ने महाप्रबंधक अजय तिवारी से नौकरी में हो रहे विलंब पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पटना गांव में 464 भू स्वामियों को नौकरी देना प्रस्तावित है जिसमें आज तक की स्थिति में 114 ग्रामीणों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ है पांच लोगों को जल्द ही नियुक्ति पत्र दिया जाना है ,13 ग्रामीणों के मेडिकल प्रक्रिया की कार्यवाही जारी है जबकि 84 लोगों की फाइल स्कूटनी के बाद स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा जाना है।प्रबंधन से तैयार फाइल को अब तक मुख्यालय क्यों नहीं भेजा गया है इसकी जानकारी पटना सरपंच द्वारा मांगने पर क्षेत्र के भू राजस्व अधिकारी ने आश्वस्त किया कि आगामी 7 अप्रैल तक सभी जमा फ़ाइल को मुख्यालय भेज दिया जाएगा।प्रबंधन के उक्त आश्वासन के साथ बैठक खत्म हुई।बता दे कि पटना में भू स्वामियों के नौकरी में विलंब के कारण पिछले दिनो ग्रामीण महिला पुरुष खदान पहुंचकर ब्लास्टिंग को रुकवा दिया था जिससे दिन भर खदान बाधित हुआ था ,खबर है कि घटना में ग्रामीणों के नाराजगी के बाद कंपनी प्रबंधन को बैठक बुलाते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त करना पड़ा था ।

## चार विकेट से सरगुजा ने महासमुंद से जीता रोमांचक मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अंतर जिला सीनियर क्रिकेट मुकाबलों के दूसरे दौर में सरगुजा का सामना महासमुंद की टीम से हुआ जिसमें महासमुंद के कप्तान शशांक चंद्राकर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, और अपने जोड़ीदार कृतेश साहू के साथ स्वयं बल्ला थामा। सरगुजा के गेंदबाज ने सातवें ओवर में कृतेश साहू को 10 के निजी स्कोर पर राहुल प्रधान के कैच से वापस भेजा। महासमुंद का स्कोर 50 भी नहीं पहुंचा था और उनके 3 बल्लेबाज पवेलियन में बैठे थे। चंद्राकर भाइयों ने बल्लेबाजी कर 89 रनों की साझेदारी की जिसमें तुषार चंद्राकर का 30 रनों का योगदान रहा। 40 ओवर की समाप्ति पर महासमुंद का स्कोर 138 पर 4 हो चुका था। 20 रन और जुड़े थे कि चंद्रकांत देवांगन पगबाधा दे दिए गए, मनीष शर्मा व कप्तान ने मैराथन साझेदारी में दोनों ने अपना शतक पूरा किया और 189 रनों की साझेदारी निभाई। मनीष शर्मा 107 रन तथा शशांक ने 171 रनों की शानदार पारी खेली। महासमुंद ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 386 रनों का पहाड़ खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सरगुजा के हरविंदर और रजा ने 42 रन बनाए। 6 रन पर कृष चोपड़ा आउट हो गए। राहुल प्रधान व हरविंदर ने समझबुझ के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। हरविंदर के बाद राहुल ओर आशुतोष ने 73 रनों की साझेदारी कर स्कोर 167 तक पहुंचाया। आशुतोष 43 रन बनाकर आउट हुए। हर्ष दुबे और राहुल प्रधान की जोड़ी ने बल्ला थामा। राहुल ने 10 चौकों की सहायता से 78 रनों की पारी खेली वहीं हर्ष दुबे ने भी अपना अर्धशतक पूरा किया। सरगुजा सभी विकेट खोकर 267 रन ही बना सका। महासमुंद की ओर से सर्वाधिक 4 विकेट तुषार चंद्राकर ने लिए वही तिवारी को 3. सुधांशु वर्मा को 2 और चंद्रकांत को 1 विकेट मिला। पहली पारी के आधार पर महासमुंद को 119 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में संपूर्ण विकेट खोकर महासमुंद ने 178 रन बनाए। सरगुजा की दूसरी पारी की शुरूआत में हरविंदर और रजा ने 45 रन बनाए। कृष, राहुल और हर्ष 92 रन बाए। आशुतोष और आयुष ने टीम का स्कोर 297 तक ले गए। आशुतोष ने चौका लगाकर सरगुजा को 4 विकेट से जीत दिलाई।

## सेवा किटी समूह के परवाज कार्यक्रम की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अमोलक सिंह ढिल्लों के मुख्य आतिथ्य में हुआ संपन्न

सेवा किटी समूह के परवाज कार्यक्रम की शुरूआत बाल संप्रेक्षण गृह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अ मो ल क सिंह ढिल्लों , सुश्री मधुमति सिंह, अनिल कुमार मिश्रा, सुनिधि शुक्ला, अजय तिवारी हिना खान के आतिथ्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ।

सम्प्रेक्षण गृह की अधीक्षिका सुश्री मधुमती सिंह ने कहा कि वरिष्ठ समाजसेविका सुश्री वंदना दत्ता के मार्गदर्शन में सेवाकिटी समूह निरंतर समाज के विकास की विभिन्न गतिविधियां कर रही है। बाल सम्प्रेक्षण गृह के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया । सेवा किटी समूह की संयोजिका सुश्री वंदना दत्ता ने परवाज कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ढिल्लों ने कहा कि समाज के मुख्य धारा से कटे हुए बच्चे जो संगदोष, नशे की लत, नकारात्मक सोच, आलस्य एवं अनुशासनहीनता के कारण आपराधिक प्रवृत्ति में संलिप्त हो जाते हैं ऐसे बच्चों को समाज के मुख्य धारा में लाने हेतु सेवा किटी समूह द्वारा उठाया गया कदम सराहनीय है। संयोजक मंगल पाण्डेय ने कहा कि युवाओं के समसामयिक मुद्दों को पहचान कर भटके युवाओं को समाज के मुख्यधारा में लाने हेतु सेवाकिटी समूह का परवाज कार्यक्रम अभिनव पहल है। नवा बिहान परवाज कार्यक्रम अभिनव पहल है। नवा बिहान के समन्वयक सम्प्रेक्षण गृह के बच्चों ने कहा कि नशे की लत के कारण हम सभी आपराधिक घटनाएं कर बैठे हैं। हमें बेहद अफसोस है। भविष्य में ऐसा कृत्य नहीं करेंगे। समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सरगुजा पुलिस एवं स्वैच्छिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में संचालित नवा बिहान नशा मुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र युवाओं को समाज के मुख्यधारा में लाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। समाजसेवी अजय तिवारी ने कहा कि योग एवं अध्यात्म से हम सभी में कुशल जीवन शैली विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुशवाहा ने किया। प्लेस ऑफ सेफ्टी एवं विशेष गृह के बालकों के साथ भी परवाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्रीमती रानु पाण्डेय, श्रीमती देवंती साहू, परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती शमा नुरी, हाउस फादर विरेन्द्र तिर्की, अजित श्रीवास्तव, अधीक्षिका श्रीमती इंद्रावती सिंह, नीतु राम कुशवाहा, देवेन्द्र देशमुख, शाबरा खान, लिली बसु राय, दीपमाला सिंह, सत्या दुबे, स्मिता तिवारी, श्रीमती राज लक्ष्मी पाण्डेय आदि उपस्थित थीं।




## कहा- सभी सदस्य मिलकर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे

# जिपं के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत सरगुजा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रथम सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, उपाध्यक्ष देव नारायण यादव सहित सभी सदस्यों को पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सहयोग आह्वान की।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंच सके। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने कहा कि इस बार पुरुषों की तुलना में महिला सदस्यों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाओं की जगह उनके पति जनसंपर्क करते थे, लेकिन अब महिलाओं को खुद आगे आकर जनता की सेवा करनी होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सदस्य मिलकर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने कहा कि जनता ने विश्वास के साथ जनप्रतिनिधियों को चुना है, इसलिए पूरी निष्ठा से क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया जाएगा।

राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार है, जो क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से विकास कार्यों को और गति मिलेगी। ननि पार्षद आलोक दुबे ने कहा कि सभी को समाज के हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करना होगा। इससे सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक प्रभावी रूप से पहुंच सकेगा। इस अवसर पर विजय दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा सिंह सहित कई अधिकारी और कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## बैंक से बाहर निकलते ही युवक से 30 हजार रुपए की लूट

**लखनपुर।** बैंक से रुपए निकालकर वापस जा रहे ग्रामीण से बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बाइक सवार दो बदमाशों ने पांच सौ रूपए का फुटकर कराने के बहाने ग्रामीण से 30 हजार रुपए लूट लिया। ग्रामीण युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के ग्राम लवजी जामा निवासी 45 वर्षीय प्रेम शंकर आ. रूहिया शुक्रवार की दोपहर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में आया था। युवक ने बैंक खाते से 30 हजार रुपए नगद निकला। रुपए निकालने के बाद युवक जैसे ही बाहर आया दो बदमाश उसे अपनी बाइक पर बैठाकर एनएच 130 चंदनई नदी के पास ले गए और 5 सौ रूपए का फुटकर मांगा। इस दौरान जैसे ही युवक ने अपनी जेब से रुपए बाहर निकाले आरोपियों ने उससे 30 हजार रुपए को लूट लिया। इसके साथ ही उन्होंने युवक को बाइक पर बैठाकर कपड़े में बंधे ईंट पत्थर को पकड़ाकर वार्ड क्रमांक 4 के समीप तालाब के पास छोड़ दिया। लूट के बाद युवक ने पुलिस को मामले की शिकायत की है। फिलहाल पुलिस द्वारा जिला सहकारी बैंक और आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है संभावना जताई जा रही है कि लुटेरों द्वारा बैंक में आकर युवक की रेकी की गई होगी।



## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गौस बेग ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित

**सूरजपुर/बिश्रामपुर।** सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी मोहम्मद गौस बेग को एडहाक कमेटी वालीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया



द्वारा ऑल इंडिया वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु गोरखपुर, उत्तरप्रदेश के लिए रेफरी के रूप में नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ऑल इंडिया इनविटेशन वॉलीबॉल प्रतियोगिता यूपी के गोरखपुर में 22 से 25 मार्च तक आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में भारत की प्रमुख टीमें भाग ले भाग ले रही है। प्रतियोगिता हेतु एडहाक कमेटी वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गौस बेग सहित विभिन्न राज्यों के रेफरियों को नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन भारत में वॉलीबॉल खेल में सूरजपुर जिले को गौरवान्वित करने वाले गौस बेग इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। बता दें कि गौस बेग भारत के काफी अनुभवी वॉलीबॉल रेफरी में से एक है जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के मैच खिलाने का अच्छा खासा अनुभव प्राप्त है।

### गोपाल ने की सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात

**अंबिकापुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री गोपाल सिन्हा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौन्जय मुलाकात की। इस दौरान



गोपाल सिन्हा ने सरगुजा संभाग में एक और एम्स की स्थापना को लेकर मांग की। उन्होंने सीएम से अनुरोध किया कि एम्स का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाए ताकि सरगुजा की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने सरगुजा संभाग में खेल अकादमी की स्थापना की भी मांग की ताकि यहां के युवा अपनी प्रतिभा को निखार सकें और खेलों में उज्ज्वल भविष्य बना सकें। यह अकादमी सरगुजा के खिलाड़ियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

### सड़क किनारे पड़ी अज्ञात महिला की अस्पताल में मौत

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर नगर पंचायत के बाबा पारा में सड़क किनारे अज्ञात महिला को गंभीर अवस्था में पड़ी देख राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी। समय



पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने के कारण उसे नपं के ट्रैक्टर से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस महिला को परिजन को तलाश रही है। महिला के निवास स्थान व परिजन का अब तक पता नहीं चल पाया है। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतिका के परिजन की खोजबीन की जा रही है। लोग लंबे समय से उसे सड़कों पर घूमते देखने एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ बता रहे है। अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण उसकी मौत होने की संभावना है।

### बच्चा चोरी करने की आशंका पर ग्रामीणों ने मंदबुद्धि व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**बिश्रामपुर।** बच्चा चोरी करने की आशंका पर ग्रामीणों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर जयनगर पुलिस को सौंपा है।पकड़ा गया व्यक्ति मंदबुद्धि बताया जा रहा है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत



ग्राम तेलईकछार केनापारा में शुक्रवार की दोपहर ग्रामीणों द्वारा एक मंदबुद्धि व्यक्ति को बच्चा चोरी करने का संदेह प्रकट करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके पश्चात ग्रामीणों ने मंदबुद्धि व्यक्ति को बच्चा चोर की बात कहकर जयनगर पुलिस के हवाले कर दिया। जयनगर पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति मंदबुद्धि किस्म का है,जो नाम पूछने पर हर बार अलग अलग बताता है, साथ ही खुद को शाजापुर निवासी बताया है।मंदबुद्धि व्यक्ति को जयनगर पुलिस ने देर शाम को पूछताछ उपरांत छोड़ दिया है।

## पाट क्षेत्रों में जमकर गिरे ओले, सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा

# दिन में छाया अंधेरा, तेज हवा एवं गरज चमक के साथ संभागभर में हुई वर्षा



रेण नदी का जल स्तर बढ़ने से फंसा ट्रैक्टर।



सामरीपाट में जमी ओले की परत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण दिन में भी अंधेरा छाया रहा तथा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में रूक-रूक कर वर्षा हुई। बलरामपुर जिलान्तर्गत सामरी पाट एवं लहसुन पाट तथा सरगुजा अंतर्गत मैनपाट में जमकर ओले गिरे। ओले गिरने एवं बेमौसम बारिश से वातावरण में ठंडक घुल गई है तथा दोपहर में भी ठंड लग रही है। मौसम विज्ञानी शनिवार को विक्षोभ के कमजोर पड़ने एवं रविवार से मौसम साफ होने का अनुमान लगा रहे हैं।

**खास बात**

- ओलावृष्टि से वातावरण में घुली ठंडक

एक सप्ताह पूर्व शहर सहित पूरे संभाग में भीषण गर्मी पड़ रही थी तथा तापमान 38.0 डिग्री के ऊपर पहुंच गया था। स्थिति को देखते हुए अभी से भीषण गर्मी पड़ने का भय सता रहा था। पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से गर्मी से कुछ राहत मिली थी। अन्य विक्षोभ के प्रभाव से बुधवार से ही आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। इस बीच बंगाल की खाड़ी में निर्मित प्रति चक्रवात एवं अरब सागर में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से नमी मिलने के कारण विक्षोभ ताकतवर बन गया। गुरूवार की शाम शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ वर्षा हुई वहीं पूरी रात आसमान पर घने बादल छाए रहे। शुक्रवार की सुबह गरज-चमक के साथ बलरामपुर के पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसुन पाट तथा सरगुजा के मैनपाट व उदयपुर में जमकर ओले गिरे। इधर शहर सहित पूरे संभाग में अपराह्न 3 बजे तक अंधेरा छाया रहा तथा रूक-रूक कर वर्षा हुई। दोपहर 2 बजे कुछ देर के लिए धूप निकली एवं कुछ देर में ही बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ फिर अंधेरा छा गया तथा वर्षा हुई। विक्षोभ की सक्रियता से कुछ क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई है। मौसम विज्ञानी रात में भी कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ ओले गिरने एवं बेमौसम बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि शनिवार को विक्षोभ के कमजोर पड़ने एवं पूरे दिन बादल छाए रहने तथा रविवार से मौसम साफ होने की संभावना है।

### बढ़ा रेण नदी का जलस्तर, फंसा ट्रैक्टर

शुक्रवार को दोपहर 1 बजे विकासखण्ड मुख्यालय उदयपुर, केदमा, लक्ष्मणगढ़, डांडगांव, सलका सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी वर्षा के साथ कुछ क्षेत्रों में जमकर ओले गिरे। भारी बारिश से अचानक रेण नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस दौरान ग्राम पंचायत केदमा में रेण नदी से गुजर रहा ट्रैक्टर नदी में फंस गया। नदी में ट्रैक्टर के फंसने पर सवार ग्रामीण तैरकर सुरक्षित किनारे पहुंचे। सरगुजा के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में भी भारी बारिश होने की सूचना है। बलरामपुर जिले में विक्षोभ का अधिक प्रभाव पड़ा है।

#### बदला पाट क्षेत्रों का नजारा

सुबह पठारी क्षेत्र सामरी पाट, लहसुन पाट, मैनपाट सहित सरगुजा के अन्य क्षेत्रों में जमकर ओलावृष्टि हुई है। सामरी पाट एवं लहसुन पाट में चारों तरफ का नजारा कश्मीर जैसा बन गया था तथा पूरे इलाके में ओले की मोटी सफेद परत जम गई थी। पाट क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने के कारण गर्मी के मौसम में भी अच्छी ठंड पड़ रही है।

#### फसलों को भारी नुकसान

बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से रबी फसलों, सब्जी एवं उद्यानिकी फसलों को भारी क्षति पहुंची है। बेमौसम बारिश से गेहूं की पकी फसल के दाने काले पड़ जाएंगे। पककर तैयार दलहनी एवं तेलहनी फसलों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। ओलावृष्टि से सब्जियों की फसल तबाह हो गई है। आंधी एवं बारिश से आम एवं लीची के फल एवं बौर झड़ गए हैं। बेमौसम बारिश से फसलों पर कीटों का भी प्रकोप बढ़ेगा। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ.प्रताप राठिया ने बताया कि ओलावृष्टि एवं बेमौसम बारिश से पक कर तैयार रबी फसलों, सब्जी एवं उद्यानिकी फसलों के नुकसान होगा। आम, लीची एवं सब्जियों की फसल में कीट का प्रकोप बढ़ने की संभावना है।

#### गाज से एक की मौत, दूसरा गंभीर

गाज की चपेट में आने से गुरूवार को एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार को शाम में बारिश हो रही थी। इस दौरान चांदो थानान्तर्गत ग्राम कंदरी निवासी इरफान खान (60वर्ष) अपने साथी हसनात खान (45वर्ष) के साथ बाइक से बलरामपुर आ रहे थे। ग्राम गणेशपुर में बारिश होने के कारण दोनों सड़क किनारे एक झोपड़ी में रूके थे। इस दौरान अचानक गाज गिरने से इरफान खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि हसनात गंभीर रूप से झुलस गया।

### बेमौसम बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत

**सीतापुर।** चक्रवात के प्रभाव से क्षेत्र में गरज चमक के साथ शुक्रवार को जमकर बारिश हुई। दो घंटे तक रुक रुक कर हुई बारिश से पूरा नगर तरबतर हो गया। बेमौसम हुई इस बारिश से मौसम के तापमान में कमी आई है। जिससे लोगो को गर्मी से राहत मिलने लगी है। वही इस बारिश से गेहूं समेत टमाटर के फसलों को काफी नुकसान की संभावना जताई जा रही है। विदित हो कि विगत दो दिनों से आसमान में बादल छाए हुए थे। शुक्रवार की दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी चलने लगी। कुछ देर बाद तेज गरज के साथ आसमान में छाए बादल बरस पड़े। दो घंटे तक हुई बारिश से नगर समेत पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया है। बेमौसम हुई इस बारिश से तापमान में गिरावट आई है। इसके साथ ही खेतों में लगे गेंहू एवं टमाटर की फसलों को भी बारिश की वजह से नुकसान पहुंचा है। तेज गरज के साथ हुई बारिश के दौरान क्षेत्र के कुछ हिस्सों में ओले भी गिरे है।



## नीट की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नीट की परीक्षा एनडीए द्वारा 4 मई 2025 को आयोजित की जाएगी। इस हेतु कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपन के निर्देशन में कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी जिन्होंने नीट परीक्षा के लिए आवेदन किया है उनके लिए जिला खनिज न्यास के सहयोग से विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का आयोजन 27 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। निःशुल्क कोचिंग जिले के सभी 7 विकासखण्डों के विद्यार्थियों हेतु आयोजित होगा, जिसमें जिला मुख्यालय के बाहर के विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क आवासीय व्यवस्था बालक एवं बालिकाओं हेतु पृथक-पृथक की गई है।

- सभी सात ब्लॉक के 150 विद्यार्थियों को मिलेगी सुविधा
- प्रशासन ने की आवासीय व्यवस्था

कलेक्टर द्वारा पिछले साल नीट एवं जेईई की निःशुल्क आवासीय कोचिंग की शुरूआत की गई थी। जो 38 दिनों के लिए थी। निःशुल्क कोचिंग के उत्साहजनक परिणाम आने पर इस वर्ष भी 12वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग देने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु पंजीयन 26 मार्च की सुबह 10 बजे से रिसोर्स सेंटर मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल कैम्पस में प्रारंभ होगा एवं कक्षाएं 27 मार्च को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होंगी। कोचिंग की कक्षाएं हर दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संचालित होगी एवं शंका समाधान की कक्षाएं सायंकाल में संचालित की जायेंगी। इसके लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का चयन किया गया है। विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पाठ्य सामग्री भी कलेक्टर द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। निःशुल्क कोचिंग में जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थी जिन्होंने इस साल 12वीं की परीक्षा दी है अथवा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण कर चुके हैं वे शामिल हो सकते है। पंजीयन हेतु कक्षा 10वीं एवं 11वीं की अंकसूची नीट पंजीयन का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रंगीन पासपोर्ट फोटो एवं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए कक्षा 12वीं की अंकसूची अनिवार्य की गई है। इस वर्ष कोचिंग में 150 विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था की गई है। प्रारंभ में पंजीयन कराने वाले 150 विद्यार्थियों को ही इसमें शामिल किया जायेगा। कोचिंग में प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक मूल्यांकन किया जाएगा तथा पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

## बिजनेस प्लस/हेल्थ प्लस

### बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, छात्रों में उत्साह का माहौल

**अंबिकापुर।** प्रतापपुर रोड स्थित बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल ने आज अपनी वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए। परिणाम घोषित होते ही छात्रों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा। सफल छात्रों को स्कूल मैनेजमेंट की ओर से




बधाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य मोना भड़कक्तिया ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। असिस्टेंट डायरेक्टर सूरज मित्तल ने कहा कि सफलता विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण ने कहा कि आज के सफल छात्र कल के नेता हैं। हम उन्हें हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं एवं एचआर एडमिन कुणाल गोयल ने कहा कि परिणाम छात्रों के प्रयासों का प्रतिबिंब है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे।

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 23 मार्च को छ.ग. के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, श्वास, छाती, एलर्जी एवं टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके साहू, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश अग्रवाल संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# चोरी का कोयला परिवहन करते तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है जिसके बाद से ही लगातार पुलिस कड़ी कार्रवाई में लगी हुई है।

इसी क्रम में 20 मार्च को थाना झिलमिली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दलौनी खुर्द में कुछ व्यक्ति कोयला चोरी कर ईट भट्ठा में खपाने मोटर सायकल में ले जा रहे है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोटर सायकल में चोरी का कोयला परिवहन करते ओड़गी के ग्राम लांजित निवासी 40 वर्षीय कन्हैया सिंह, 32 वर्षीय लालमन सिंह व 20 वर्षीय मेहीलाल सिंह को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से से 1.5 क्विंटल कोयला एवं 3 मोटर सायकल जब्त किया है। कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1-5)/303(2) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन व उनकी टीम सक्रिय रही।

### खदान से चुराया कोयला लोडकर ईंट भट्ठा में बेचने जा रहे दो आरोपी हुए गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सात आठ खदान से चुराए गए कोयला को मिनी मालवाहक वाहन में लोडकर भाग रहे शातिर कबाड़ चोर और उसके सहयोगी को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जप्त मिनी मालवाहक वाहन में 70 बोरी कोयला लोड था। पुलिस ने बताया कि मिनी मालवाहक वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2763 में खदान से चुराया हुआ



कोयला को लोड कर आरोपी शातिर कबाड़ी साप्ताहिक इतवारी बाजार निवासी गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा पिता बलिबुल हसन 45 वर्ष एवं कुमदा बस्ती निवासी संदीप राजवाड़े पिता विफल राम 25 वर्ष ईंट भट्ठा में विक्रय करने के लिये जा रहे थे इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कोयला लोड वाहन को पकड़कर आरोपी अधेड़ व्यक्ति गुड्डा कबाड़ी व युवक संदीप राजवाड़े को गिरफ्तार किया है। मामले में एक अन्य आरोपी आदतन बदमाश संदीप तिग्गा मौके से भाग निकला है।पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 281, 324(4), 3, 5 के तहत अपराध दर्ज किया है।



### भागवत कथा के पूर्व निकाली कलश यात्रा

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत सपकरा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को प्रारंभ किया गया। कथा शुरू होने के पूर्व ग्राम पंचायत व आसपास की महिलाओं ने 151 कलश में उत्तरवाहिनी रेणुका नदी सपकरा से जल लेकर आयोजन स्थल पहुंची जहां विधि-विधान से पूजा उपरांत व्यास लाडली रूचिता तिवारी ने भागवत कथा प्रारम्भ की। ग्राम पंचायत सपकरा के ग्रामीणों ने गत वर्ष से लगातार श्रीमद् भागवत कथा आयोजित करने का निर्णय लिया है। भागवत कथा 9 दिनों तक अनवरत जारी रहेगी। आयोजन समिति के बाबूलाल राजवाड़े ने बताया कि आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था की गयी है।

## बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने युकां ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर समेत क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर चिंता जताते हुए युवक कांग्रेस ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा है। एसडीओपी को सौंपे गए ज्ञापन में युंका ने नगर समेत क्षेत्र में चोरी, लूट एवं उठाईगिरी की बढ़ती घटना पर रोक लगाने की मांग की है।

- रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की

सिलसिलेवार हो रही इन घटनाओं पर चिंता जताते हुए युंका ने कहा कि इससे लोगो मे दहशत का माहौल बन गया है, लोगो के अंदर असुरक्षा की भावना घर करने लगा है। इस संबंध में युंका ने बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने ठोस कार्यवाही की मांग की है। विदित हो कि क्षेत्र में इन दिनों बढ़ते आपराधिक घटनाओं ने सुरक्षा को



लेकर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एक पखवाड़े के अंदर क्षेत्र में हुए लूटकांड चोरी एवं उठाईगिरी के घटना से लोग काफी दहशत में है। पखवाड़े भर पहले ग्राम नावापारा में लुटेरों ने आधी रात को व्यापारी के यहां से जेवर एवं नगदी समेत 15 लाख की लूट की थी। ग्राम उलकिया में ग्राहक सेवा केंद्र में आधी रात को घुसे चोरों ने काउंटर से 35 हजार रुपये पार कर दिया था। ये मामला पुलिस सुलझा भी नही पाई थी कि चार दिन पहले ग्राम राधापुर में नेशनल हाईवे किनारे स्थित व्यवसायी के घर हथियारबंद लुटेरे घुस आये थे। लूट की नीयत से घुसे हथियारबंद नकाबपोश लुटेरे अपने मंसूबे को अंजाम दे पाते उससे पहले ही घरवालों की सूझबूझ से लुटेरे घर की रखवाली कर रहे चौकीदार का मोबाईल लूटकर भाग खड़े हुए। इस घटना से लोग उबर भी नही पाए थे कि गुरुवार को ग्राम सोनतराई में दिनदहाड़े महिला से 23 हजार की हुई लूट ने लोगो को दहशत में डाल दिया। इसके अलावा खेतो में सिंचाई के लिए लगाया गया पंप, ट्रेक्टर से बैटरी चोरी की घटना तो आम बात है। क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक घटनाओं से चिंतित युंका ने अध्यक्ष आशीष मंटू गुप्ता के नेतृत्व में एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में युंका ने बढ़ते आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समेत रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद अनमोल लकड़ा, ऋषिराज सिंह, इमानवेल लकड़ा, अकेश तिर्की, संतोष चौधरी, जुबेर अहमद आदि मौजूद थे।

### गौठान से सोलर पम्प व पैनल चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा, सामग्री को किया जब्त

**बिश्रामपुर/दतिमामोड़।** करसु गौठान में लगे सोलर पंप चोरी मामले में करंजी पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से अलग अलग स्थानों से चोरी हुए सोलर पंप और पैनल सामानों को जप्त करने में सफलता अर्जित की है।लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता ने बताया कि करसु निवासी धनेश्वर राजवाड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने गांव के



गौठान लगे सोलर पंप और पैनल खोल कर चुरा लिया है।प्रार्थी धनेश्वर ने पुलिस को कुछ संदेही युवको के नाम भी बताए थे, इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक हेमसागर प्रजापति पिता मणिलाल प्रजापति 18 वर्ष निवासी सकलपुर सकरिया थाना भटगांव व एक नाबालिग किशोर को पकड़ा, इन दोनों ने पुलिसिया पूछताछ में करसु गौठान से चोरी करना स्वीकार किया, इसके अलावा दोनों आरोपियों ने गत 8 जनवरी को गजाधरपुर निवासी ईश्वर राजवाड़े के खेत मे लगे सोलर पंप, ग्राम करवां के गांधी पार्क में लगे 4 नग सोलर प्लेट एवं सकलपुर थाना भटगांव के गौठान से 2 नग सोलर प्लेट चोरी करने की बात भी स्वीकारी है।पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर 1 नग सोलर मोटर पंप,6 नग सोलर प्लेट,1 नग स्टार्टर एवं कटर बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।जप्त किये गये सामानों की कीमत 96 हजार रुपये बताई गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
स्पेशल ट्रेन से - 14 जुलाई से 24 जुलाई 2025 (11 दिन)
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411